an>

Title: Regarding repair of National Highway No.232A (New 231) in Uttar Pradesh.

डॉ. स्वामी साक्षीजी महाराज (उन्नाव) : अध्यक्ष महोदया, आपने मेरे संसदीय क्षेत्र के अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर मुझे बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं हृदय से आपका आभार व्यक्त करता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत उन्नाव से रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-232(ए) नया नम्बर 231 हो कर निकलता है जिसके किलोमीटर 26 पर एक क्षतिग्रस्त पुलिया है। इस पुलिया के कारण पिछले कई सालों से लोगों की मृत्यु हो रही है और इस पुलिया को खूनी पुलिया के नाम से जाना जाता है। इस पुलिया के कारण बहुत लोगों की मृत्यु हो चुकी है। यह पुलिया पिछले कई सालों से नहीं बनाई गई है। शासन प्रशासन का ध्यान इस पुलिया की तरफ नहीं गया है। इसी राजमार्ग पर बिहार के पास रेलवे क्रासिंग है, जहां रेलवे अंडरपास की बहुत आवश्यकता महसूस की जा रही है। चूँकि यहाँ पर यातायात और वाहनों का दबाव लगातार बढ़ता चला जा रहा है, इसलिए रेलवे क्रॉसिंग के स्थान पर रेलवे अंडर पास की अतिआवश्यकता है। इसके अलावा, उन्नाव से रायबरेली के लिए जो राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 231 जाती है, वह गड्ढों में तब्दील हो चुका है। इस पर आये दिन एक्सीडेंट होते रहते हैं। यह राजमार्ग पूर्वांचल के कई जनपदों को भी जोड़ता है। यह सड़क परिवहन के लिहाज से बहुत ही महत्वपूर्ण राजमार्ग है। इस राजमार्ग के क्षतिग्रस्त होने के कारण आम जनता को कई किलोमीटर की अतिरिक्त यात्रा करनी पड़ती है, जिसकी वजह से लोगों को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि हो रही है।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से और मंत्री जी से आग्रह करना चाहता कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 231 की क्षतिग्रस्त पुलियाओं को, बिहार के अंतर्गत रेलवे अंडर पास को और इस पूरे सड़क का पुनर्निर्माण कराया जाए ताकि आम जनता को संकटों से निज़ात मिल सके। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : सर्व

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी,

सुधीर गुप्ता,

भैरो प्रसाद मिश्र और

रोडमल नागर को श्री साक्षी महाराज द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।